an>

Title: Need to provide employment to the people displaced under Swarna Rekha Bahuuddesiya Pariyojna in Ranchi Parliamentary Constituency of Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : अध्यक्ष महोदया, हमारे निर्वाचन क्षेत्र में 'चांडिल्य' एक बहुद्देशीय परियोजना है। उस डैम को बने हुए 33 वर्ष हो गये। उस डैम को बनाने में सैकड़ों गांवों के लोग विस्थापित हो गये, लेकिन उन 33 वर्षों में वहां कुछ भी नहीं हुआ। उस डैम से बिजली पैदा करने की बात थी, किसानों के लिए सिंचाई करने की बात थी, वहां पर्यटन स्थल बनाने की बात थी, मगर वहां कोई भी काम नहीं हुआ और डैम ऐसे ही पड़ा हुआ है। बरसात के दिनों में गांव में पानी घुस जाता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। उनको न तो विकास पुस्तिका मिली और न ही उनके पुनर्वास की व्यवस्था हुयी। इस तरह से किसानों के साथ वहां बहुत बड़ा धोखा हुआ है। मैं इस बात की चर्चा बराबर करते रहा हूं कि कम से कम उनके पुनर्वास की व्यवस्था हो जाये, उनका बकाया राशि का भुगतान हो जाये, वह भी नहीं हुआ है। हमने किसानों के लिए यह भी सलाह दी है कि आपने उनको नौकरी नहीं दिया तो जितना संभव हो आप लोगों को नौकरी दीजिए, बाकी किसानों के लिए आप लिफ्ट इरिगैशन की व्यवस्था कर देंगे तो बहुत लोगों को रोजगार मिलेगा। इन सभी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुआ है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि उस बने हुए डैम का उपयोग हो। वहां विस्थापितों की जो बकाया राशि है उसका नये दर पर भुगतान हो। किसानों के लिए सिंचाई की व्यवस्था हो, बिजली की व्यवस्था हो, पर्यटन की व्यवस्था हो, जिससे लोगों को रोजी-रोटी मिले, ये सारी व्यवस्थायें सरकार करे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।